हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

SOMANI
BMS GROUP

इस नवरात्रि
मातृशक्ति के लिए विशेष उपहार

MEMBER OF CREDAI
Rera Registration Number
CGRERA-P-260518072600148
PCGRERA041018

इस त्यौहार
आप अपना
ऑफर
खुद डिसाइड करें

NO
REGISTRY
CHARGE
महिला खरीदारों के लिए

आज ही लॉक करें अपनी प्रॉपर्टी
बिना किसी बुकिंग के झंझट से ,
सीधे रजिस्ट्री कराएँ



devki Heights
2, 3 एवं 4 BHK लक्जरी अपार्टमेंट
धरमपुरा, जगदलपुर

DEVKI HOMES
1 एवं 2 BHK अपार्टमेंट
हाटकचोरा, जगदलपुर

Ready Possesion • Finance Available From All Bank
Offer for Limited Period • Limited Units • Conditions Applied
Contact - 88890 12555, 88890 12666
BMS House, Motitalab Para, Jagdalpur Bastar (C.G.) 494001
* Terms & Conditions Applied

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए 30 तक करें आवेदन

**कोंडागांव।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन मंगाए गए हैं। योजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित उच्च व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए तात्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### वीबीजीरामजी योजना से 8 पदों पर होगी भर्ती, 6 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**कोण्डागांव।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण योजना के तहत जिले में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत कुल 8 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले छत्तीसगढ़ के पात्र अभ्यर्थी 6 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी का 1 पद, सहायक प्रोग्रामर के 2 पद तथा लेखापाल के 5 पदों पर संविदा नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य नियमों के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### महतारी वंदन योजना से तुलसी बती को मिला आर्थिक संबल

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना



शुरू की गई है। योजना से मिलने वाली नियमित सहायता राशि महिलाओं को घरेलू खर्चों के साथ परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर रही है। इसी योजना से कोण्डागांव जिले के ग्राम तातरी निवासी तुलसी बती पोयाम भी लाभान्वित हो रही हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तुलसी बती पोयाम को अब तक कुल 30 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। इस राशि का उपयोग वे परिवार की दैनिक आवश्यकताओं और घरेलू खर्चों को पूरा करने में कर रही हैं।

### पुनर्वास नीति से चीतुराम को मिला पक्का आशियाना

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले व्यक्तियों और



उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसी नीति के तहत कोण्डागांव जिले के मर्दापाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांगेर निवासी चीतुराम शोरी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से पक्का मकान मिला है। अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। चीतुराम शोरी पूर्व में हिंसा के रास्ते पर चले गए थे, लेकिन उन्होंने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इसके बाद शासन की पुनर्वास नीति के तहत उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई।

**प्रारूप-37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना

(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 115

तारीख 19.07.2023

श्री/श्रीमती/कुमारी MUKESH SHARMA (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया जाता है कि TATA MOTORS FINANCE LTD. Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने/उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04MM9951 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये हैं।

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुए वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**

# विधायक लता उसेंडी ने दी 7.68 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

**कोण्डागांव और माकड़ी विकासखंड के विभिन्न गांवों में सड़क, पुल–पुलिया और सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया**

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बुधवार को कोण्डागांव एवं माकड़ी विकासखंड के विभिन्न गांवों में 7 करोड़ 68 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें डामरीकरण सड़क, पुल–पुलिया, सीसी रोड और सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने माकड़ी विकासखंड के ग्राम बबई से करमरी दुर्गा चौक तक 3 करोड़ की लागत से 2.80 किलोमीटर लंबी डामरीकरण सड़क एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार ग्राम बालोंड में कालीपारा से हुक्काबेड़ा पाथरी तक 4 किलोमीटर लंबी डामरीकरण सड़क एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस कार्य पर 4 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी। कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम पलारी के नानीपदर पारा में 15 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम पल्ली में 3 लाख की लागत से मावली गुड़ी निर्माण तथा 10 लाख रुपये की लागत से आदिवासी सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।



**ये रहे उपस्थित**

*इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत होगा और लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। वहीं सामुदायिक भवन निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। भूमिपूजन में पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, राज्य तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष जुगबती पोयाम, जनपद पंचायत कोण्डागांव के उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, भगवती नेताम, जनपद सदस्य ममता नेताम, पूजा शर्मा, अंगद पटेल, चंदन साहू, धनजू मरकाम, संजू पोयाम, संजू ग्वाल, ललित पोयाम, पन्ना लाल नेताम एवं मेषलाल पोयाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।*

## शिल्पकार बन्नू राम ने देशभर से चयनित छह शिल्प गुरुओं में बनाई जगह

# बस्तर की ढोकरा शिल्पकला को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर की पारंपरिक ढोकरा शिल्पकला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले कोण्डागांव जिले के माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरकई निवासी प्रसिद्ध शिल्पकार बन्नू राम बैध का चयन प्रतिष्ठित शिल्प गुरु अवार्ड 2025 के लिए किया गया है। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अंतिम चयन सूची में उनका नाम शामिल है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए देशभर से कुल छह शिल्प गुरुओं का चयन किया गया है।

■ शिल्प गुरु अवार्ड 2025 के लिए चयन

शिल्प गुरु अवार्ड 2025 के लिए केंद्रीय स्तरीय चयन समिति की 18 जुलाई को आयोजित बैठक में बन्नू राम बैध के



नाम को अंतिम रूप दिया गया। देशभर के छह चयनित शिल्पकारों में स्थान प्राप्त करना कोण्डागांव जिले सहित पूरे बस्तर अंचल और छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

श्री बैध ने बस्तर की प्राचीन ढोकरा धातु शिल्पकला के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने पारंपरिक मधुच्छिष्ट अर्थात मोम–ढलाई तकनीक से निर्मित कलाकृतियों के माध्यम से बस्तर की विशिष्ट हस्तशिल्प परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया है।

श्री बैध की कलाकृतियों में बस्तर के आदिवासी जनजीवन, लोकसंस्कृति, देवी–देवताओं और प्रकृति का सजीव चित्रण देखने को मिलता है। उनकी शिल्पकला पारंपरिक तकनीक के साथ स्थानीय सांस्कृतिक विरासत की विशेषताओं को भी प्रदर्शित करती है।

श्री बैध ने ढोकरा शिल्पकला को संरक्षित रखने के साथ नई पीढ़ी को इसका प्रशिक्षण देने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके प्रयासों से पारंपरिक हस्तशिल्प की तकनीक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

श्री बैध का प्रतिष्ठित शिल्प गुरु अवार्ड के लिए चयनित होना माकड़ी विकासखंड, कोण्डागांव जिले और पूरे बस्तर अंचल के लिए गौरव का विषय है। उनकी यह उपलब्धि हस्तशिल्प से जुड़े अन्य कलाकारों को प्रोत्साहित करने के साथ युवाओं को अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करेगी।

बन्नू राम बैध के शिल्प गुरु अवार्ड 2025 के लिए चयनित होने पर जिला प्रशासन कोण्डागांव एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, जिला कोण्डागांव ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य और शिल्पकला के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की कामना की है।

## कोण्डागांव में कॉटन गद्दा निर्माण इकाई का शुभारंभ, 30 लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने गुरुवार को बड़ेकनेरा मार्ग स्थित सर्व मांगलिक भवन में कॉटन गद्दा निर्माण इकाई का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन की पहल पर लगभग 5 लाख रुपये की लागत से स्थापित इस इकाई में गारमेंट फैक्ट्रियों से निकलने वाले कपड़ों के अपशिष्ट का उपयोग कर गद्दे, कुशन और तकिए तैयार किए जाएंगे। इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

जिला प्रशासन कोण्डागांव की पहल पर स्थापित कॉटन गद्दा निर्माण इकाई में कपड़ों के अवशेषों का उपयोग कर उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इकाई का उद्देश्य अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग सुनिश्चित करते हुए स्थानीय लोगों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है।

वर्तमान में इस निर्माण इकाई में 10 हितग्राही कार्यरत हैं। प्रत्येक हितग्राही को लगभग 7 हजार 500 से 10 हजार तक मासिक आय प्राप्त होने की संभावना है। इकाई के माध्यम से लगभग 30 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इकाई में गारमेंट फैक्ट्रियों से प्राप्त कपड़ों के अपशिष्ट से कॉटन गद्दे, कुशन एवं तकिए तैयार किए जाएंगे। यहां प्रति व्यक्ति प्रतिदिन लगभग 8 से 10 गद्दे तैयार करने की अनुमानित उत्पादन क्षमता है। इससे स्थानीय स्तर पर गद्दा निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें : न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में विचाराधीन बंदी समीक्षा समिति, निगरानी प्रकोष्ठ एवं अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना के मामलों को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोण्डागांव जिले के अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से तथा नारायणपुर जिले के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान विचाराधीन बंदियों के अधिकारों, न्यायालय भवन निर्माण कार्यों और सड़क दुर्घटना पीड़ितों को क्षतिपूर्ति दिलाने से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विचाराधीन बंदी समीक्षा समिति की बैठक में लंबे समय से जेल में निरुद्ध बंदियों के प्रकरणों पर विशेष चर्चा की गई। इनमें ऐसे बंदी भी शामिल रहे, जिनकी जमानत स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन जमानत की शर्तें पूरी नहीं कर पाने के कारण वे जेल में हैं। इसके अलावा ऐसे विचाराधीन बंदियों के मामलों की भी समीक्षा की गई, जो संबंधित अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की अवधि की तुलना में पर्याप्त समय जेल में बिता चुके हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रिगरी ने संबंधित अधिकारियों को पात्र बंदियों के प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधि के प्रावधानों के अनुरूप पात्र बंदियों को राहत प्रदान करने की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। साथ ही बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुगम पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

निगरानी प्रकोष्ठ की बैठक में कोण्डागांव में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण के लिए आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर चर्चा हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में नारायणपुर जिले में प्रस्तावित नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों के साथ भवन निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने और आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने के संबंध में विचार–विमर्श किया गया। अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना के मामलों की समीक्षा के दौरान दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों तथा गंभीर रूप से घायल लोगों को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अधिकारियों को पात्र पीड़ितों के मुआवजा प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



## जल जीवन मिशन से ग्राम हड़ेली के 89 परिवारों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के विजन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन से कोण्डागांव जिले के दूरस्थ ग्राम हड़ेली में ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जिला मुख्यालय से लगभग 39 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत हड़ेली के 89 परिवारों को अब घरों में नल के माध्यम से नियमित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इससे ग्रामीणों की नदी–नालों और पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भरता कम हुई है।

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम हड़ेली के 89 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पहले ग्रामीणों को पानी के लिए नदी–नालों और अन्य जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब घरों तक पानी पहुंचने से उनकी दैनिक जरूरतें आसानी से पूरी हो रही हैं।

गांव में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 40 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी स्थापित की गई है। इसके साथ ही 8,030 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है।

घर–घर नल से जल उपलब्ध होने का सबसे अधिक लाभ महिलाओं को मिल रहा है। पहले उन्हें पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।

**स्वच्छ पेयजल से स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा**

*जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ने से ग्रामीणों को दूषित जल स्रोतों पर निर्भरता से राहत मिली है। इससे जलजनित बीमारियों के जोखिम को कम करने और ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य एवं जीवनस्तर में सुधार लाने में मदद मिल रही है।*

**हर घर जल उत्सव में लिया जल संरक्षण का संकल्प**

*सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हाल ही में आयोजित हर घर जल उत्सव में ग्राम हड़ेली के ग्रामीणों ने जल संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा उपलब्ध जल स्रोतों को सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता जताई।*

## बस्तर के प्रवेश द्वार केशकाल घाटी में विराजी हैं मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

बस्तर के प्रवेश द्वार के रूप में प्रसिद्ध केशकाल घाटी इन दिनों मां दुर्गा की आराधना और आस्था के रंग में रंगी नजर आ रही है। घाटी में विराजित मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। माता के दर्शन कर श्रद्धालु सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंचे पहाड़ों और हरियाली से घिरी केशकाल घाटी बस्तर की पहचान मानी जाती है। ऐसे रमणीय परिवेश में मां दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के मन में विशेष श्रद्धा का भाव जागृत



कर रही है। नवरात्रि पर देवी आराधना का महत्व और भी बढ़ जाता है। माता के नौ रूपों की पूजा-अर्चना के साथ भक्तजन भक्ति में लीन रहते हैं और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहता है। केशकाल घाटी से गुजरने वाले राहगीरों और पर्यटकों के लिए भी मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक आस्था का यह संगम क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी दर्शाता है। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और घाटी का मनोहारी वातावरण मिलकर एक विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करते हैं।

## जुगानी कैंप में आज से सजेगा दुर्गा पूजा का दरबार, मीना बाजार भी रहेगा आकर्षण

**कोण्डागांव।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में ग्राम जुगानी कैंप में 16 अक्टूबर से मां दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। दुर्गोत्सव परिसर में श्रद्धालुओं के मनोरंजन और सुविधा के लिए मीना बाजार, खान–पान की दुकानें और अन्य दुकानें सजाई जा रही हैं। पूजा के दौरान प्रतिदिन मां दुर्गा की विधिवत आरती और पूजा होगी। ढाक, कांस, शंख ध्वनि और उलू ध्वनि से पूजा परिसर भक्तिमय बनेगा। इस वर्ष दुर्गोत्सव का प्रमुख आकर्षण 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपनी नृत्य प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। समिति द्वारा प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए



महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की जाएगी।

विजयादशमी के अवसर पर 21 अक्टूबर को सिंदूर दान और बंग मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही दुर्गोत्सव का समापन पारंपरिक धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण में होगा।

### चिलपुटी को मिली 1.06 करोड़ के नए स्कूल भवन की सौगात

**कोण्डागांव।** विधायक सुश्री लता उसेंडी ने बुधवार को कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम चिलपुटी में 1 करोड़ 6 लाख की लागत से नवनिर्मित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए विद्यालय भवन की शुभकामनाएं देते हुए बेहतर शैक्षणिक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि नए विद्यालय भवन से विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नई ऊर्जा और उत्साह के साथ मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की अपील की।



## पंचमी पर सशिमं के छात्रों ने की माता शीतला की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल।

पंचमी पर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने भक्तिभाव के साथ मां शीतला की आराधना की। बच्चे शीतला माता मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। पंचमी पर मां शीतला की आराधना का विशेष महत्व रहा। विद्यार्थियों ने माता के समक्ष शीश नवाकर सभी के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों को आस्था और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी,**
**जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. - 07/अ-6/2026-2027

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरूमीत सिहं पिता निछत्तर सिहं निवासी कुशवाह मार्ग गुरूद्वारा के पीछे शांतिनगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला मोतीतालाबपारा स्थित शीट नं. 60 प्लाट नं. 6/2 क्षेत्रफल 1561 वर्गफीट, वार्षिक भू-भाटक 636.00 रू. की भूमि गुरूमीत सिहं पिता निछत्तर सिंह एवं अन्य 01 सहखातेदार के नाम पर नजूल मेन्टनेंस खसरा में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार मनजीत कौर उर्फ जसविंदर कौर पिता निछत्तर सिंह द्वारा उक्त भूमि में से अपने हक की अविभाजित भूमि को पंजीकृत हकत्याग विलेख क्र-A1/19913 दिनांक 29/09/2026 द्वारा हकत्याग करने के फलस्वरूप आवेदक द्वारा उक्त हकप्राप्त भूमि पर हकत्यागकर्ता का नाम विलोपित कर अपने पक्ष में नामांतरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विधिवत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/10/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

अतः आज दिनांक 14/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जगदलपुर**



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

## इस बार श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं में कटौती बनी चर्चा का विषय

*नवरात्र के दौरान मां दंतेश्वरी के दरबार में घुटनों के बल पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बड़ी रहती है। भक्त कठिन रास्ते पर घुटनों के सहारे चलकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। श्रद्धालुओं को राहत देने के उद्देश्य से पिछले वर्षों में नवरात्र के दौरान रेड कारपेट बिछाने और रास्ते में जगह-जगह राहत शिविर लगाने की व्यवस्था की जाती रही है। इन शिविरों में श्रद्धालुओं को विश्राम और आवश्यक सहायता मिलती थी। इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं में कटौती किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि घुटनों के बल चलकर आने वाले भक्तों के लिए रास्ते में पर्याप्त सुविधाएं होना जरूरी है। लंबी दूरी तक घुटनों के सहारे चलने से दर्द, थकान और चोट लगने का खतरा रहता है। ऐसे में रेड कारपेट और राहत शिविरों की पर्याप्त व्यवस्था केवल सुविधा नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य से भी जुड़ा विषय है।*

## दंतेश्वरी तालाब की सुरक्षा पर सवाल गोताखोरों की तैनाती की मांग

*मंदिर परिसर के आसपास स्थित नदी और मां दंतेश्वरी तालाब में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। ऐसे में जलाशयों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, निगरानी और आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच किसी अप्रिय घटना की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन और मंदिर समिति को इस दिशा में स्थिति स्पष्ट करते हुए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करनी चाहिए। विशेषकर नवरात्रि के शेष दिनों में जलाशयों के आसपास निगरानी और जरूरत के मुताबिक गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है।*

# मां दंतेश्वरी के दरबार में आस्था के आगे व्यवस्थाएं बेबस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार में शारदीय नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं। कोई माता के दर्शन कर आशीर्वाद मांगा जा रहा है, तो कोई अपनी मन्नत पूरी होने की कामना लेकर घुटनों के बल मंदिर तक पहुंच रहा है। लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था और उनकी कठिन साधना के बीच व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, राहत शिविरों, तालाब की सुरक्षा और मंदिर परिसर में खरीदारी के लिए भुगतान की व्यवस्था को लेकर मंदिर समिति, जिला प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत महसूस की जा रही है।

## घुटनों के बल आ रहे श्रद्धालुओं की राह से रेड कारपेट गायब

### मोबाइल प्रतिबंध से प्रसाद और चांदी के सिक्कों की बिक्री प्रभावित

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति द्वारा चांदी के सिक्कों और स्व सहायता समूहों द्वारा माता के प्रसाद के स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में ही प्रसाद और स्मृति स्वरूप धार्मिक सामग्री उपलब्ध कराना है। लेकिन मंदिर तक मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध के चलते डिजिटल भुगतान करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर परिसर में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध होने के कारण श्रद्धालु यदि नकद राशि साथ नहीं रखते, तो उन्हें प्रसाद या चांदी के सिक्के खरीदने में कठिनाई होती है।





## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महिर्ष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### शिकायत निवारण फोरम कार्यशाला आज

जगदलपुर। विद्युत उपभोक्ता जागरुकता एवं शिकायत निवारण फोरम संबंधी कार्यशाला का आयोजन 16 अक्टूबर को कुम्हरावंड कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिसमें विद्युत संबंधी प्रमुख विवाद किस प्रकार के होते हैं एवं उनका निवारण कैसे और कहां किया जा सकता है। समय पर विवाद का निवारण न होने पर क्षतिपूर्ति के क्या प्रावधान है। उपभोक्ता के अधिकार और विद्युत कम्पनी के दायित्व क्या हैं, इत्यादि विषयों पर सार्थक चर्चा की जाएगी।

### बस्तर दशहरा में बचेली से जयपुर तक पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग

**जगदलपुर।** विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा को ध्यान में रखते हुए



बचेली से जयपुर तक पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू करने की मांग की गई है। इस वर्ष पैसेंजर ट्रेन की सुविधा नहीं मिलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशाखापत्तनम से बचेली तक मालवाहक ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन लैंडस्लाइड का हवाला देकर पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद है। यदि मालगाड़ियों का परिचालन संभव है, तो यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैसेंजर ट्रेन के संचालन की संभावनाओं पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। युवा रविन्द्र मरकाम ने जारी बयान में रेलवे प्रशासन से अपील की है कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए रेल सेवा बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि बस्तर के इस ऐतिहासिक पर्व में शामिल होने वाले लोगों को आवागमन की परेशानी से राहत मिल सके।

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री साय ने सभा को वर्चुअल संबोधित किया

# पांच दशक तक नक्सलवाद ने गरीब और आदिवासी परिवारों को गहरे घाव दिए : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि जगदलपुर में 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम में 3,600 से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। इनमें अकेले बस्तर के 1570 से अधिक लाभार्थी थे। यह संख्या बस्तर की पीड़ा को व्यक्त करती है। 5 दशकों तक नक्सलवाद ने यहां के गरीब और आदिवासी परिवारों को कितने गहरे घाव दिए हैं, इसका अनुमान इन आंकड़ों से लगाया जा सकता है। राजनीतिक उद्देश्यों के लिए आईईडी विस्फोट कर निर्दोष नागरिकों को दिव्यांग बना देना मानवाधिकारों का गंभीर हनन है। उन्होंने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति के साथ उससे मिले घावों पर मरहम लगाना भी आवश्यक है। प्रभावित लोगों का पुनर्वास करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और सम्मान के साथ जीवन जीने की व्यवस्था करना हमारा संकल्प है। कृत्रिम हाथ किसी व्यक्ति को फिर से काम करने का सामर्थ्य देता है और कृत्रिम पैर उसे दोबारा अपने पैरों पर खड़े होने का विश्वास देता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस अभियान के एक लाभार्थी के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि 3 वर्ष बाद वे अपने हाथ से गिलास उठाकर पानी पी सके। उनकी इस उपलब्धि में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की बड़ी खुशी समाहित है। यह सुनकर मुझे जो आनंद हुआ, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। इस पुण्य कार्य में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर, भारतीय जैन संघ सहित सभी सहयोगियों का योगदान सराहनीय है। मैं मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाइए। जहां भी सहायता की आवश्यकता होगी, भारत सरकार आपके साथ चट्टान की तरह खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में बस्तर के मांझी, चालकी, गायता, गुनिया, पुजारी, सिरहा और अन्य पारंपरिक जनजातीय नेतृत्व का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं उनके सहयोग और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करता हूं। शाह ने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित भाई-बहनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट वॉकिंग स्टिक, कृत्रिम अंग और कैलीपर जैसे सहायक उपकरण मिलने से उनका दैनिक जीवन सुगम होगा। मुझे विश्वास है कि यह पहल बस्तर में खुशहाली और आत्मविश्वास का नया अध्याय आरंभ करेगी।





### 8,526 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा देशवासियों को बताना चाहता हूं कि लगभग 8,526 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुनर्वास और जनकल्याण के प्रयासों के अंतर्गत लगभग 7,500 लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं। 1,625 लोगों को इनामी राशि और 7,882 लोगों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई है। साथ ही, 455 लोगों को रोजगार तथा 129 लोगों को भूमि का आवंटन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4,014 आवास उपलब्ध कराए गए हैं। 2,300 से अधिक आदिवासी भाई-बहनों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया।

### धमाकों की जगह युवा दिखा रहे खेल में प्रतिभा

अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर ओलंपिक, बस्तर पंडुम और नियद नेल्लानार जैसी पहलों के माध्यम से बस्तर में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। मैं स्वयं बस्तर ओलंपिक में गया हूं। जिन क्षेत्रों में कभी गोलियों और बम धमाकों की आवाजें सुनाई देती थीं, जहां भय का वातावरण था, वहां आज हजारों युवा खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। यह परिवर्तन मन को गहरा संतोष देता है।उन्होंने बस्तर की समृद्ध संस्कृति को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं को सशक्त मंच मिला है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत दूरस्थ गांवों तक बुनियादी सुविधाएं और शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# छेड़खानी और मारपीट के आरोप में 3 युवक जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

थाना प्रभारी संजय यादव ने 14 अक्टूबर को किरन्दुल निवासी पीड़िता से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मोहम्मद सालीन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए धारा 75(3), 78(2) बीएनएस कायम कर गिरफ्तार किया है। वहीं छेड़छाड़ का विरोध करने वाले अन्य व्यक्तियों के साथ मारपीट करने वाले 2 अन्य आरोपी मो. सजीद 22 वर्ष भट्ठीपारा और मो. आजाद 23 वर्ष भट्ठीपारा के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर छात्रों ने साझा किए अनुभव

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान अध्ययनशाला ने मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। शिक्षा विभाग के सहयोग से हुए इस आयोजन में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, सामाजिक पूर्वाग्रहों को दूर करने और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने का संकल्प लिया। साथ ही दूसरों को भी उचित मदद प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. मणिशंकर मिश्रा ने कहा कि शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा, परीक्षा का दबाव, करियर की अनिश्चितता और पारिवारिक अपेक्षाओं के बीच विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉ. समीर ठाकुर, डॉ. सियालाल नाग, डॉ. विनय प्रताप सिंह, डॉ. प्रीति साहू, इंदु, चंद्रकली, डॉ. आरके खरवार, पूजा ठाकुर, आकाश, डॉ. भेनू, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. पीएन चौहान और डॉ. सुनीता कुमारी उपस्थित रहे।

# मां दंतेश्वरी का छत्र रथ पर विराजित, पुलिस ने दी सलामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा में गुरुवार को फूल रथ की परिक्रमा का विधान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ। इस दौरान मां दंतेश्वरी के छत्र को रथ पर विराजित किया गया। पूजा-अर्चना के बाद पुलिस ने हर्ष फायर कर माता को सलामी दी। इसके पश्चात ग्रामीणों ने रथ को खींचकर परिक्रमा कराई।

इस दौरान बस्तर की अनूठी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा के दर्शन हुए। परंपरा के अनुसार, मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी माता का छत्र लेकर पहुंचे। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बाद छत्र को फूलों से सुसज्जित 2 मंजिला फूल रथ पर विराजित किया गया।

# ग्राम बढ़ानजी के खासपारा में 65 परिवारों पर बाढ़ की मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम बढ़ांजी खासपारा में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं और नुकसान का जायजा लेने के लिए बस्तर ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप, सचिव हरिराम कश्यप एवं परमेश्वर भारद्वाज ने गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लगभग 65 परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण किसी का मकान क्षतिग्रस्त होकर गिर गया, तो किसी की धान की फसल बर्बाद हो गई। कई परिवारों के सामने अब घर की मरम्मत, परिवार के भरण-पोषण और अगली फसल की तैयारी का संकट खड़ा हो गया है।



### प्रशासन से की उचित मुआवजे की मांग

संतु कश्यप ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को वास्तविक नुकसान का आकलन करना चाहिए। जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है, उनके खेतों का सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान ग्रामीण मोटू भारद्वाज, भागीरथी भारद्वाज, दामोदर भारद्वाज, भवानी, परमेश्वर, दुशासन, हीरामनी, फारसू भारद्वाज सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छात्र सीखेंगे मातृभाषा में गोंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकासखंड बास्तानार के बीआरसी भवन में बुधवार को गोंडी भाषा आधारित शिक्षण सामग्री का शुभारंभ बीआरसी दरभा लोहण्डीगुडा रोमांचल ठाकुर, रमझम कच्छ, एबीईओ डोमेश्वर ध्रुव ने किया। यह पहल समग्र शिक्षा और लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे 'नींव बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम' के तहत की गई है। इसका मकसद है कि बच्चे अपनी ही मातृभाषा गोंडी में आसानी से पढ़ना-लिखना सीख सकें। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षकों और गांव के लोगों ने मिलकर 12 प्रकार की शिक्षण सामग्री बनाई है।

■ शिक्षण सामग्री का शुभारंभ



### 29 स्कूलों में होगा उपयोग

इस सामग्री का उपयोग बस्तर जिले के कुल 29 चयनित स्कूलों में किया जाएगा। जिसमें बास्तानार ब्लॉक के 18 स्कूल, लोहंडीगुड़ा के 5 स्कूल और दरभा ब्लॉक के 6 स्कूल शामिल हैं।

### बच्चों को क्या फायदा होगा

जब बच्चा अपनी घर की भाषा में पढ़ेगा, तो उसे समझना आसान होगा। कक्षा में उसकी भागीदारी बढ़ेगी और पढ़ाई रुचिकर लगेगी। साथ ही गांव की लोककथाएं, संस्कृति और ज्ञान भी स्कूल से जुड़ सकेगा। गोंडी भाषा में पाठ्य सामग्री बनाने में सहयोग करने वाले शिक्षकों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला संग्रहालय की प्रदर्शनी और कहानी कथन का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक भरत कुरुद, लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से सुभाष चंद्र वैष्णव, रजनीश दीक्षित, सुनील सिन्हा, टिकेश्वर सोनवंशी, भारत साहू, टार्जन साहू, मनीष नेताम सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावित 62 छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले में बीते दिनों आई बाढ़ से कई गांवों के साथ ही शहर के निचले इलाकों में भी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बाढ़ के कारण अनेक परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, वहीं प्रभावित क्षेत्रों के स्कूली विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। कई बच्चों के स्कूल बैग, किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षणिक सामग्री बाढ़ के पानी में बह गई या भीगकर अनुपयोगी हो गईं। मंगलवार को भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित बाढ़ प्रभावित बस्ती में कार्यक्रम आयोजित कर 62 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इससे पूर्व डोंगाघाट तथा कोहकापाल में 125 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की जा चुकी है। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा कि जिला आर्थिक प्रकोष्ठ ने बाढ़ प्रभावित विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। यह सराहनीय पहल है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्या चरण तिवारी ने कहा कि भाजपा अंत्योदय की नीति पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी सेवाएं पहुंचाने में विश्वास करती है। प्रदेश स्थायी कार्यसमिति सदस्य रामाश्रय सिंह ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में लोगों को जान-माल और घरेलू उपयोग की वस्तुओं के रूप में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस नुकसान की पूरी भरपाई करना कठिन है। मनीष पारख ने कहा कि गरीब, कमजोर और वंचित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उन्हें संबल प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर आर्येंद्र सिंह आर्य, श्रीधर ओझा, परेश राम बेसरा, रोहित त्रिवेदी, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, संतोष बाजपेयी, सतीश बाजपेयी, विनय सोना, राजकुमार बोथरा, जिनेंद्र टाटिया, मुक्त कश्यप, सूर्या नाग, हेमंत सारवन, पेमेंशान सारवन सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क और पुल के अभाव में जूझ रहा सुकमा का रामनगर

# पेड़ से गिरे घायल को 5 किमी खाट पर ले गए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

बीते कई दशकों से प्रमुख बुनियादी सुविधाओं का दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। कोन्टा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले रामनगर गांव तक सड़क पुल-पुलिया का निर्माण नहीं होने से कोत्ताचेरू ग्राम पंचायत के रामनगर के ग्रामीण आज भी कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं। एक ओर सरकार सेवा संकल्प अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर वनांचल क्षेत्र के गांव तक पहुंचने में सड़क पुल पुलिया का निर्माण नहीं करा पा रही है।

कोंटा विकासखंड के ऐसे अनेक पंचायतों के गांव हैं, जहां तक पहुंचने वर्षों से सड़क मार्ग का अभाव है। हालांकि माओवाद संगठन के डर ने पंचायत स्तर तक के सड़क मार्गों को मुख्य मार्गों तक जोड़ने में चुनौतियां रही है। इसके बाद भी अनेक गांवों को जोड़ने के लिए सड़क मार्गों एवं पुल पुलियाओं का निर्माण कराया गया है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोट्टाचेरू के आश्रित ग्राम रामनगर में आज तक बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंचने से ग्रामीण परेशान हैं। सड़क पुल नहीं होने के कारण बीमार आदिवासी ग्रामीणों को देसी जुगाड़ से अस्पताल पहुंचाने मजबूर हैं।



### चिंतागुफा से ली एंबुलेंस की सुविधा

*रामनगर के रहने वाले ग्रामीण दूधी कोसा पिता दूधी पूज्जा 50 वर्ष सुबह करीब 9 बजे खेत में पेड़ से गिर पड़ा। उसके सीने में चोट लगी है और कंधे की हड्डी टूटने की आशंका थी। ग्रामीणों ने कोसा को खाट में लेटाकर 5-6 किलोमीटर तक कंधे में लादकर चिंतागुफा तक पैदल लेकर आए। जिसके बाद चिंतागुफा से एंबुलेंस के जरिए कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से बेहतर उपचार के लिए सुकमा रेफर किया गया।*

## खबर संक्षेप

### आयुष लहरे का राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक टीम में चयन



**बस्तर।** बस्तर के बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोंगरापाल एवं बस्तर के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि यहां के निवासी अजय लहरें के प्रतिभावान सुपुत्र आयुष लहरें का चयन छत्तीसगढ़ राज्य की आधिकारिक अंडर-14/17/19 जिम्नास्टिक आर्टिस्टिक टीम में हुआ है। हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आधिकारिक चयन सूची के अनुसार, आयुष लहरें ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुख्य चयन सूची में अपनी जगह बनाई है। इस प्रतियोगिता में आयुष लहरें बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आयुष की इस बड़ी उपलब्धि पर प्राथमिक शाला मोंगरापाल के शिक्षक मंगल राम कश्यप, अमलसाय मौर्य और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अनुपस्थिति पर 2 कर्मचारी सेवा से हटाए गए

**बीजापुर।** शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में जिला कार्यालय बीजापुर में पदस्थ दो कर्मचारियों के विरुद्ध सेवा से हटाने की कार्रवाई की गई है। इनमें चौकीदार सूरज काका एवं भृत्य अशोक यालम शामिल हैं। यह दोनों कर्मचारी बिना लिखित सूचना अथवा मौखिक जानकारी दिए अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। इस संबंध में बार-बार कारण बताओ नोटिस एवं आरोप पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। किंतु संबंधित कर्मचारियों ने न तो कोई जवाब प्रस्तुत किया और न ही कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नियमानुसार विभागीय जांच संस्थित कर दोनों कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने एवं बचाव साक्ष्य प्रस्तुत करने के पर्याप्त अवसर दिए गए। इसके बावजूद वे जांच में उपस्थित नहीं हुए। विभागीय जांच अधिकारियों द्वारा गवाहों के बयान एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर प्रस्तुत जांच प्रतिवेदनों में दोनों कर्मचारियों के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए।

## निधन

### हितेंद्री आचार्य



**जगदलपुर।** बकावण्ड विकासखण्ड के ग्राम सांवरा निवासी स्व. पदम नाथ आचार्य की धर्मपत्नी हितेंद्री आचार्य (बालों.) का आज प्रातः उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में निधन हो गया। वह अजय, संतोष तथा राजेश आचार्य की माता थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सांवरा में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग समेत शहर एवं ग्रामवासी शामिल हुए। वह भरापूरा परिवार छोड़ गई।

## संयुक्त संचालक ने जारी किया आदेश

# संपत्ति कर से लेकर दुकानों की नीलामी तक 6 बिंदुओं पर होगी जांच

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

सुकमा नगर पालिका में संपत्ति कर के निर्धारण और वसूली को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर अब प्रशासनिक स्तर पर दिखाई देने लगा है। संपत्ति कर की दरों, वार्डों में अलग-अलग निर्धारण, पारदर्शिता की कमी और नागरिकों की शिकायतों से जुड़े मुद्दों के बीच अब नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली की व्यापक जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, बस्तर संभाग के जगदलपुर को छोड़कर अन्य नगरीय निकायों में संपत्ति कर के पुनर्निर्धारण सहित छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी और अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा।

■ बस्तर संभाग में जगदलपुर को छोड़ सभी नगरीय निकायों की होगी पड़ताल

### सुकमा नपा में पारदर्शिता की कमी

हरिभूमि ने अपनी खबर में सुकमा नगर पालिका में संपत्ति कर निर्धारण की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बताया था कि अलग-अलग वार्डों में संपत्तियों की स्थिति, बाजार मूल्य, व्यावसायिक गतिविधियों और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर कर निर्धारण को लेकर नागरिकों के बीच असमंजस है। लोगों की शिकायत है कि संपत्ति कर की गणना किस आधार पर की जा रही है, इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं होने से पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। अब विभागीय आदेश के बाद इन व्यवस्थाओं की जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद है।

### छह बिंदुओं पर होगी जांच

संयुक्त संचालक कार्यालय के आदेश में नगरीय निकायों से संबंधित अभिलेखों और राजस्व संबंधी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में मुख्य रूप से संपत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर निर्धारण से संबंधित डिमांड पंजी का परीक्षण के साथ साथ रसीद बुक एवं कैशबुक का सत्यापन किया जावेगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (भवन एवं भूमियों के वार्षिक भाड़ा मूल्य की अवधारणा) नियम के तहत दर निर्धारण की जानकारी, परिषद के संकल्प की प्रति तथा कलेक्टर द्वारा निर्धारित दरों का परीक्षण एवं संपत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर तथा यूजर चार्ज की निर्धारित दरों से संबंधित जानकारी और आवश्यक प्रपत्रों का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। जारी आदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 15 अक्टूबर 2026 तक के राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्षा के साथ साथ दुकानों की नीलामी एवं फ्रीहोल्ड से संबंधित जानकारी और अभिलेखों की जांच की जावेगी। संयुक्त संचालक ने पत्र के माध्यम से आदेश देते हुए कहा कि विभाग यह परीक्षण करेगा कि कर निर्धारण नियमानुसार किया गया है या नहीं, राजस्व संग्रहण की स्थिति क्या है और दुकानों की नीलामी सहित अन्य प्रक्रियाओं में निर्धारित नियमों का पालन किया गया है या नहीं।


जगह नहीं बल्कि चेहरे देख होती है संपत्ति कर की वसूली

### 15 वार्डों में कर निर्धारण पर हरिभूमि ने उठाए थे सवाल

सुकमा नगर पालिका में कुल 15 वार्ड हैं। इन वार्डों की भौगोलिक स्थिति, बाजार क्षेत्र, आवासीय बस्तियों और व्यावसायिक गतिविधियों में अंतर होने के कारण संपत्ति कर निर्धारण को लेकर सवाल उठते रहे हैं। नागरिकों की मांग है कि कर की दरें तय करने के आधार, संपत्तियों का वर्गीकरण और वसूली की प्रक्रिया स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की असमानता की आशंका दूर की जा सके। हरिभूमि की खबर में यह मुद्दा भी उठाया गया था कि कर वसूली की व्यवस्था केवल राजस्व संग्रह तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि नागरिकों को यह जानकारी भी मिलनी चाहिए कि उनसे कितनी राशि और किस नियम के तहत ली जा रही है। ऐसे में विभागीय जांच को पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

खबर का असर


कार्यालय, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास
बस्तर संभाग जगदलपुर (छ0ग0)

क्रमांक/1643/ राजस्व निरी.कार्य./स्था.न.नि./2025 जगदलपुर दिनांक 13/10/2026

प्रति,

समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत
बस्तर संभाग, (छ0ग0)

विषय :- निकायों के संपत्ति सर्वे एवं पुनः निर्धारण के परीक्षण हेतु उपस्थिति बाबत्।

...000000...

विषयांतर्गत लेख है कि मान. उपमुख्यमंत्री एवं भारतीयक मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, की अध्यक्षता में सभीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के संपत्ति कर सर्वे कर राजस्व का पुनः निर्धारण करने के निर्देश दिये गये थे। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में निकायों द्वारा की गई कार्रवाही की अद्यतन स्थिति की समीक्षा/परीक्षण हेतु नियत तिथियों में आपके निकाय के राजस्व प्रभारी को राजस्व संबंधी अभिलेख एवं निम्नांकित आवश्यक जानकारियों के साथ अनिवार्यतः उपस्थिति सुनिश्चित करें।

1. संपत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर निर्धारण डिमांड पंजी
2. रसीद बुक एवं कैशबुक, कैशियर कैशबुक
3. छ.ग. नगरपालिका (भवन एवं भूमियों के वार्षिक भाड़ा मूल्य की अवधारणा) नियम के तहत दर निर्धारण की जानकार एवं परिषद संकल्प पारित की प्रति एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर की प्रति।
4. संपत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर, यूजर चार्ज की निर्धारित संलग्न (प्रपत्र-अ,ब,स,द,इ) में जानकारी
5. राजस्व संग्रहण –वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं चालू वर्ष 2026-27 में 15.10.2026 की स्थिति में
6. दुकानों की निलामी एवं फ्री होल्ड की जानकारी

| क्र. | दिनांक एवं समय | उपस्थित होने वाले निकाय का नाम | परीक्षण हेतु राजस्व दल | राजस्व दल प्रभारी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 26.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से | न.पा.प.–कोण्डागांव, न.प.–बस्तर, केशकाल, फरसगांव | श्री राकेश यादव (राजस्व निरीक्षक) श्री अमित पिल्लई(लेखापाल) | श्री पुराणिक सिंह ध्रुव, सहायक संचालक एवं अध्यक्ष राजस्व दल |
| 02 | 27.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से | न.पा.प.–कांकेर, न.प.–बारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर | श्री सलमान मोहम्मद (लेखापाल) श्री ऋषभ सिंह (लेखापाल) | |
| 03 | 28.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से | न.पा.प.–सुकमा न.प.–जंतागढ़, दोरनापाल, कोंटा, बारसूर | श्री पवन कुमार हाथ (सहा.ग्रेड-ग्रा) श्री अमित कुमार (सहा. राजस्व निरीक्षक) | |

### जगदलपुर को छोड़ अन्य निकायों में परीक्षण

जारी आदेश के अनुसार, निर्धारित कार्यक्रम के तहत 26 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक अलग-अलग तिथियों में नगरीय निकायों के अभिलेखों का परीक्षण राजस्व दल प्रभारी पुराणिक सिंह ध्रुव सहायक संचालक व 3 सदस्यों के द्वारा किया जाना है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में सुकमा सहित बस्तर संभाग के विभिन्न नगरीय निकायों को शामिल किया गया है, जबकि जगदलपुर नगर निगम को इस जांच कार्यक्रम से अलग रखा गया है।

### जांच के बाद सामने आएगा बड़ा मामला

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच में संपत्ति कर निर्धारण, राजस्व संग्रहण और दुकानों की नीलामी से संबंधित अभिलेखों में क्या स्थिति सामने आती है। यदि किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित विभागीय नियमों के तहत आगे की कार्रवाई का प्रश्न उठेगा। फिलहाल, हरिभूमि की खबर के बाद जारी यह आदेश नगरीय निकायों की राजस्व व्यवस्था की समीक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि संपत्ति कर निर्धारण और दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया में किन सुधारों की आवश्यकता है। नागरिकों को उम्मीद है कि इस प्रक्रिया से कर निर्धारण में पारदर्शिता बढ़ेगी और राजस्व संबंधी व्यवस्थाएं अधिक जवाबदेह बनेंगी।

### जांच के बाद बढ़ेगा राजस्व और दिखेगी पारदर्शिता



सुकमा नपा पार्षद श्रीमती कांता राठी ने संयुक्त संचालक द्वारा जारी आदेश पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में नागरिकों को भी समस्त करों की जानकारी होना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। श्रीमती राठी ने कहा कि सुकमा नपा में आज भी ऐसे बाहुबली है जिनसे नियमानुसार शुल्क नही वसुला जाता है तो दुसरी ओर मध्ययम व गरीब तबको से मनमानी शुल्क वसुला जाता है जिस पर लगाम कसेगा।

# सुपर गर्ल्स स्पर्धा में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल विकासखंड बस्तर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में सफलता हासिल की है। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता ने न केवल संस्थान, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

■ वाद-विवाद प्रतियोगिता में देविका तारम ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में देविका तारम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और तर्क क्षमता का परिचय दिया। वहीं, एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में कविता मरकाम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में एकल चित्रकला प्रतियोगिता में रिद्धि मरकाम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। छात्राओं की इस सफलता के पीछे उनके निरंतर अभ्यास, मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी ज्योति पारासर सहित अन्य शिक्षकों ने छात्राओं को प्रतियोगिता की तैयारी में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अन्य प्रतिभागियों से सीखने का अवसर मिला।

संस्था के प्राचार्य एआर नोनहारे एवं प्रधान पाठक प्रद्यूत पांडे सहित विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने सफल छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल की छात्राओं की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है और यह संदेश देती है कि उचित मार्गदर्शन, मेहनत तथा लगन से हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।




# पैदल यात्रा कर महिलाओं ने किए दंतेश्वरी माता के दर्शन

## बस्तर महाराजा कमल चंद्र भंजदेव से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बस्तर ब्लॉक के ग्राम कोलचूर सिवनागुड़ा की महिलाओं ने नवरात्रि उपवास रहते हुए पैदल यात्रा कर मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत महिलाओं ने कठिन पैदल यात्रा कर जगदलपुर पहुंचकर मां दंतेश्वरी का दर्शन-पूजन किया और बस्तर महाराजा कमल चंद्र भंजदेव से भेंट की। बस्तर महाराज ने ग्रामीण अंचल की महिलाओं को अपने बीच देखकर महल परिसर में सम्मानपूर्वक बैठने की व्यवस्था की। उन्होंने महिलाओं का हाल-चाल जाना और जलपान कराया। इस दौरान महाराज ने कहा कि वे बस्तर दशहरा के साथ-साथ विभिन्न गांवों में जाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरण करने में व्यस्त हैं। महिलाओं ने बस्तर दशहरा की परंपरा और महाराज के सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपवास में पैदल यात्रा कर माता के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। बस्तर महाराज से भेंट कराने में हेमसिंह ठाकुर के द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाएं उत्साहित नजर आईं।

■ महल परिसर में हुआ सम्मान



# ओबीसी महासभा ने 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

आज ओबीसी महासभा संभाग अध्यक्ष दिनेश यदू के मार्गदर्शन में बस्तर जिला अध्यक्ष रघुवंश यादव के नेतृत्व में ओबीसी के पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर बस्तर को ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का पूर्ण लाभ दिलाने एवं मुख्य रूप से जनगणना में ओबीसी कालम को सुनिश्चित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में इनकी मांग है कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। जातिगत जनगणना कराकर ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या के आधार पर आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। गणना के ढांचे में प्रत्येक संवैधानिक श्रेणी एसटी, एससी व ओबीसी के लिए विशिष्ट जाति नाम की राज्यवार ड्रॉप डाउन सूची होनी चाहिए ताकि गलत वर्गीकरण डाटा छुटने और प्रशासनिक भ्रम को रोका जा सके।

इस अवसर पर ओबीसी महासभा के बस्तर संभाग उपाध्यक्ष तुलसी ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष गेंदालाल सोनी, जगदलपुर शहर अध्यक्ष जगमोहन यादव, नारायण, मनोज एवं अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के लोग उपस्थित थे।

पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस ज्ञापन को शासन तक पहुंचाया जाए, अन्यथा आगामी दिनों में विशाल महारैली एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कालम की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**घाटलोहंगा।** आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़े जाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने गुरुवार को बस्तर तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देशन, संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु , उपाध्यक्ष तुलसीराम ठाकुर के मार्गदर्शन और संभागीय सचिव दिलेश्वरी ठाकुर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए अलग कॉलम बनाया जाए और राज्यवार जाति सूची के साथ ड्रॉप-डाउन विकल्प की व्यवस्था की जाए, ताकि वर्गीकरण में त्रुटि न हो। पदाधिकारियों ने कहा कि ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या के सटीक आंकड़े से शिक्षा, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के न्यायपूर्ण आवंटन में मदद मिलेगी। यह सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया गया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल यादव, योगेश्वरी साहू, युवा मोर्चा सचिव मनोज ठाकुर, कमल दिवान, देवनाथ ठाकुर, जयप्रकाश पटेल, सदा ठाकुर, बनमाली यादव, दशामनी, पपेश्वरी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारी संघ के महाभंडारा में श्रद्धालुओं को दिए गए भोग प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड



व्यापारी संघ करपावंड के तत्वावधान में माता रानी के महाभंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस आयोजन में व्यापारी भाइयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना सहयोग प्रदान किया। माता रानी की पूजा-अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में व्यापारी भाइयों की एकजुटता, सहयोग और सेवा भावना देखने को मिली।व्यापारी संघ के सदस्यों के सहयोग से महाभंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में भक्ति, सद्भावना और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। इस मौके पर राजेश गुप्ता, अनोज गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, राजाराम साव, राकेश गुप्ता, दीपक गोरा , शुभम गुप्ता, शेखर गुप्ता,चम्पे देवांगन, रोशन गुप्ता, करन गुप्ता, राम साव, प्रदीप गुप्ता, उपेंद्र साव, हेमंत देवांगन, देवराज किराना, आकाश गुप्ता, हम देवांगन, मानिक साहू, लक्षन, रानू गुप्ता, सोनू ठाकुर, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, शंकरा ,नाकोड़ा सेठ शेराराम चौधरी, संतोष किराना, अमित गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सोनू गुप्ता, बाबूलाल साव, परशु देवांगन, परितोष मंडल, जीत सरकार, किशन हार्डवेयर, श्याम गुप्ता, रामजी गुप्ता, मंगल, हीरा, छवि देवांगन, कुंवर, पंकज गुप्ता, पप्पू गुप्ता, ईश्वर ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर, चंदन ठाकुर, दुलाल हलदर, देबो हलदर,संजीत सरकार,सुनील गुप्ता, डब्बू, जगरनाथ देवांगन, साधु राम, पितवाश, सुनील, अनूप गुप्ता, मनोज पटेल, नागराज, गिरी, शेखर सेठिया, चुनेश जोशी,सोनू निषाद,घाशी,भुवन, भगवान देवांगन,खूबचंद, विजय साव सहित अन्य शामिल हुए।

# खिलाड़ियों ने लहराया परचम, सॉफ्टबॉल में जीते दो पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सारंगढ़ में 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग में बीजापुर की टीम ने रजत पदक तथा बालिका वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले के छह खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

■ अंडर-17 बालक वर्ग में रजत और बालिका वर्ग में कांस्य पदक

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना और संघर्षशीलता का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में पदक हासिल करने के साथ ही छह खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना जिले के खेल जगत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे बीजापुर के छह खिलाड़ी-राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से लक्ष्य निषाद, शाहिल निषाद एवं मनीष वाचम तथा बालिका वर्ग से अनुराधा कोवासी, शिल्पा मरपाली एवं ज्योति ओयाम शामिल हैं। ये खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बीजापुर जिले और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, लगन और प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र बीजापुर के खिलाड़ियों ने साबित किया है कि प्रतिभा किसी क्षेत्र या संसाधनों की मोहताज नहीं होती। दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और उचित अवसर मिलने पर ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाएं भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकती हैं।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टर विश्वदीप ने सभी पदक विजेता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मुकेश कुमार देवांगन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार पांडे तथा बीजापुर जिले के श्रम निरीक्षक एवं सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच सोपान करणेवार उपस्थित रहे।




online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रतापपुर, राहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411


छब्बीसवीं पुण्यतिथि
मधुर स्मृतियां आपकी कभी नहीं मिट पाएगी
आपकी हर बातें सदैव याद आएगी
स्व. श्याम राव पनवलकर
स्वर्गवास 16.10.2000
शोकाकुल परिवार
मोहन कुमार पनवलकर (पुत्र), श्रीमती पल्लवी पनवलकर (बहु), कौशल कुमार पनवलकर, मयंक कुमार पनवलकर (पोता), कुमारी शारदा पनवलकर (पोती), रोहणी पनवलकर, माधवी पनवलकर (बेटी) मोबाइल: 7000282936
धरमपुरा नं.01, सांई मंदिर के सामने, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी